हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
8 मई 2024, समय 1305

हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक 7 करोड़, 24 लाख रूपये की नकदी और 30 करोड़ 5 लाख रूपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं कीमती वस्तुयें जब्त की हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया की यह आंकड़ा 2014 व 2019 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में जब्त की गई नकदी एवं अन्य सामान से कहीं अधिक है। उन्होंने बताया कि इस बार अभी तक करीब 13 लाख रूपये की अवैध शराब और 12 करोड़ 55 लाख रूपये के मादक पदार्थ जब्त किये गए है।

....

हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने बीजेपी सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है और विपक्षी दल कांग्रेस को अपना समर्थन दे दिया है।

पुंडरी से निर्दलीय विधायक रणधीर गोलन, नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंदर और दादरी से सोमबीर सिंह सांगवान ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को पत्र भेजकर अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कल शाम रोहतक में एक पत्रकारवार्ता के दौरान अपने फैसले की घोषणा की।

इन विधायकों ने कहा कि उन्होंने किसानों के हित में समर्थन वापस लिया है। श्री गोलन ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल के दौरान बढ़ती बेरोज़गारी और महंगाई उनके समर्थन वापस लेने के फैसले के प्रमुख कारक हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुछ विधायकों की अपनी महत्वाकांक्षाएं हैं जो पूरी नहीं हो सकीं। उन्होंने कहा कि जनता उनकी महत्वाकांक्षाओं से वाकिफ है।

मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे ने कहा कि निर्दलीय विधायकों द्वारा समर्थन वापस लेने से सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि 90 सदस्यीय विधानसभा में अभी भी सरकार को 47 विधायकों का समर्थन प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि जहां तक कानूनी पहलू का सवाल है, विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव नहीं ला सकता, क्योंकि पिछला अविश्वास प्रस्ताव मार्च में बजट सत्र के दौरान लाया गया था और अगला अविश्वास प्रस्ताव, पिछली बार लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के छः महीने बाद लाया जा सकता है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने तीनों विधायकों के समर्थन का स्वागत करते हुए कहा कि यह मौजूदा सरकार में अविश्वास और कांग्रेस के लिए बढ़ते समर्थन को दर्शाता है।

....

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने आज नीलोखेड़ी हलके के गांव जंझाड़ी से रोड शो निकाला।

इस दौरान गांव शामगढ़ में लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी सरकार ने बिना भेदभाव के सब जगह एक समान विकास करवाया है और नौकरियों में बिना पर्ची व खर्ची के लोगों को योग्यता के आधार पर रोज़गार दिया है।

मीडिया से बातचीत में श्री मनोहर लाल ने कहा कि इससे पहले वे असंध इसराना व समालखां में रोड शो कर चुके है और लोगों से भारी समर्थन मिला है। तीन निर्दलीय विधायकों के कांग्रेस को समर्थन देने के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के दौरान कौन, कहां जा रहा है इससे सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बहुत से विधायक भारतीय जनता पार्टी के सम्पर्क में भी है।

....

आज विश्व थैलेसिमिया दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस विश्वभर में हर साल 8 मई को थैलेसिमिया बारे जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है।

इस उपलक्ष्य में कल भिवानी में थैलेसिमिया पीड़ितों की मदद के लिए चौ. बंसी लाल नागरिक अस्पताल के रक्त बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने 126वीं बार रक्त दान किया।

रक्त बैंक की प्रभारी डॉ. मोनिका सांगवान ने बताया कि शिविर के दौरान लोगों को इस रोग के प्रति जागरूक भी किया गया।

....

आज विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर पानीपत में विभिन्न स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों एवं रेडक्रॉस के सदस्यों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

इस रैली को मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने झंडी दिखाकर रवाना किया जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुज़री। इस दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें 60 लोगों ने रक्त दान किया।

इस उपलक्ष्य में कल पलवल के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों की पेटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई।

....